## खबर संक्षेप

### एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत किया गया पौधारोपण



**बिछुआ।** शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत बिछुआ की ग्राम पंचायत उल्हावाडी के शासकीय हाई स्कूल में सीईओ जनपद पंचायत बिछुआ सुरेश कुमार इन्दौरकर, एपीओ धर्मेंद्र मालवीय, एएओ मनोज जोहरे, सहायक यंत्री प्रतिकराव अतुरकर,दयाराम टांडेकर,राजेन्द्र वर्मा,सचिव विष्णुदत्त शर्मा,ग्राम रोजगार सहायक आनंद वानखेड़े एवं स्कूल के स्टाफ द्वारा पौधारोपण किया गया।

### वंदना बनी अध्यक्ष, रानी संयोजक की गई नियुक्त

**छिंदवाड़ा।** जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन की दायित्व निर्धारण समिति की संस्तुति एवं मुख्य संरक्षक डॉक्टर इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी तथा महिला विंग की प्रभारी एवं राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती ममता सहगल, महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष वंदना त्यागी के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश महिला विंग की प्रदेश व जिला कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश संरक्षक नेहा बग्गा के संरक्षण में की गई है। जिसमें छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष वंदना विश्वकर्मा और संयोजक रानी सूर्यवंशी को नियुक्त किया गया है।

### डॉक्टर डे पर चिकित्सकों का किया सम्मान

**छिंदवाड़ा।** 1 जुलाई को छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण देश ने मानव सेवा को समर्पित चिकित्सकों का सम्मान कर डॉक्टर्स डे मनाया।इस अवसर पर नगर के शांतिनाथ भवन में सकल जैन समाज के साथ तारण तरण जैन समाज, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन, सर्वोदय अहिंसा एवं पटवारी परिवार द्वारा विदिशा के डॉक्टर विनय जैन, डॉ. विकास जैन, डॉ. अपेक्षा जैन का तिलक लगाकर शॉल एवं श्रीफल से सम्मान कर अभिनंदन किया।

### आखिर यह कैसी व्यवस्था, स्कूल में मात्र एक प्रधानपाठक सहित एक शिक्षक संभाल रहे पांच क्लास

# शासकीय स्कूल बगलामाल में एक ही कमरे में लगती है पांच कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी





अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला ग्राम बगला माल के शासकीय प्राथमिक शाला है जहां कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक की कक्षाएं संचालित है। स्कूल बहुत अच्छा है और स्कूल के शिक्षक भी पूर्ण लगनता और निष्ठा के साथ बच्चो के प्रति समर्पित है किंतु यदि स्कूल कि दुर्दशा की बात हम करे तो आज तक इस बगला माल के ग्राम में एक सरकारी स्कूल भवन के अलावा दूसरा कोई स्कूली भवन नही बन पाया है।

एक ही बिल्डिंग में पांच कक्षाएं चलाने को यहां के शिक्षक मजबूर है किंतु शिक्षा विभाग या शासन प्रशासन के लोगो का इस और जरा भी ध्यान नही है और तो और इस स्कूल को प्री प्रायमरी स्कूल भी घोषित कर दिया गया है जब 5 कक्षा के बच्चे इस भवन में नही बैठ पा रहे है तो प्री प्रायमरी में भर्ती होने वाले बच्चो की व्यवस्था कैसे होगी जो कही न कही शिक्षा विभाग के अधिकारियों से सवाल खड़ा करती है जबकि इस स्कूल के पास लगभग एक एकड़ की शासकीय भूमि भी है किंतु किसी भी जनप्रतिनिधि ने यहां आज तक कोई प्रयास नहीं किया है।

विद्यालय के प्रधानपाठक पप्पू राव सोनी से जब मीडिया ने बात की तो उन्होंने बताया कि स्कूल भवन 15 बाई 20 में बना हुआ है एक ही कमरा होने के कारण सारे बच्चों को एक साथ पढ़ाया जाता है।हमारे द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दे दी जाती है साथ ही ग्रामीणों के द्वारा भी कई बार कमरे की मांग की गई है किंतु व्यवस्था जस की तस है और भवन नही होने से एक साथ बैठकर शिक्षा ग्रहण करना बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ सिद्ध हो रहा है हालाकि विद्यालय शिक्षक मेहनत करने में कोई कसर नही कर रहे है किंतु बिल्डिंग में कमरे की कमी ने शिक्षा की गुणवत्ता की पोल खोल कर रख दी है।

अब देखना यह होगा कि क्या यहां कभी कमरे की मांगे पूरी होंगी क्या फिर इसी तरह बच्चो को एक ही कमरे में बैठकर अध्यापन कार्य करना पड़ेगा जो कि आने वाला वक्त ही बताएगा।

## लालबर्रा में स्थायी बिजली सप्लाई चालू होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

कई सालो के बाद कोल्हिया पंचायत के दो टोला दनवाई और लालबर्रा में स्थाई बिजली सप्लाई चालू कि गई जिससे यहां रहेने वाले ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मेहनत रंग लाई। उक्त गांव के लोगो ने बिजली विभाग के अधिकारी सहित अन्य को धन्यवाद ज्ञापित किया।

पिछले दिनों सिंगोड़ी के समीप कोल्हिया ग्राम के लालबर्रा एवं अन्य ग्रामीण बिजली समस्या को लेकर उग्र दिखे थे और आंदोलन की चेतवानी के साथ उपयंत्री को ज्ञापन सौंपा गया था और बिजली सप्लाई नियमित नहीं करने पर वोटिंग का वहिष्कार करने की बात कही थी। समस्या को लेकर बिजली विभाग के अधिकारी ने उक्त समस्या का स्थाई समाधान करते हुए गांव को 24 घंटे वाली बिजली प्रदाय कर समस्या का निराकरण किया। समस्या का समाधान को लेकर अमरवाड़ा कार्यपालन अभियंता योगेश उईके एसी कृष्ण वामके सिंगोड़ी कनिष्ठ अभियंता कृतार्थ श्रीवास्तव पवन विशोपिया दिनेश इवनाती प्रवीण वर्मा सहित स्टाप व अन्य मौजूद थे।

### अभी तक 196.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 196.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 242.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 02 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 26.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 02 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 17.2, मोहखेड़ में 51, तामिया में 23, अमरवाड़ा में 40.2, चौरई में 21, हर्रई में 6.2, बिछुआ में 28, परासिया में 37, जुन्नारदेव में 13.4, चांद में 28 और उमरेठ में 27.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 173.9, मोहखेड़ में 151.6, तामिया में 237, अमरवाड़ा में 291.4, चौरई में 157.8, हर्रई में 112.4, बिछुआ में 171, परासिया में 161.4, जुन्नारदेव में 161.8, चांद में 272 और उमरेठ में 174.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## पति हिन्दू पत्नी पर मुस्लिम धर्म अपनाने का बना रहा दबाव

### बजरंग दल के सहयोग से महिला ने दर्ज कराया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

परासिया के एक शख्स ने अपनी पत्नी को तलाक देने के बाद भाजीपानी की एक युवती से कोर्ट मैरिज कर लिया। शादी के बाद से पति मुस्लिम धर्म अपनाने पत्नी पर दवाब बना रहा है। शनिवार को महिला लालबाग अपने एक परिचित के घर पूजा के कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। यहां आकर पति ने महिला के साथ विवाद कर हंगामा मचाया। तब महिला ने धरमटेकड़ी चौकी पहुंचकर पति के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है। पीड़िता पेशे से नर्स है। जो वर्तमान में सुहागपुर नर्मदापुरम में पदस्थ है। चौकी प्रभारी महेन्द्र शाक्य ने बताया कि परासिया निवासी 45 वर्षीय मोहम्मद अकील पिता शब्बीर की भाजीपानी निवासी नर्स अनीता भारती से जान पहचान थी। अनीता वर्तमान में सुहागपुर में पदस्थ है। अकील ने 2022 में पत्नी को तलाक दे चुका है उसकी दस साल की बेटी भी है। तलाक के बाद नवम्बर 23 में अकील और अनीता से कोर्ट मैरिज कर लिया था। शादी के बाद से अकील मुस्लिम धर्म अपनाने अनीता पर दवाब बनाने लगा था। अनीता लगातार इसका विरोध कर रही। शनिवार को अनीता पूजा के कार्यक्रम में शामिल होने लालबाग परिचित सुमेर सिंह यादव के घर आई थी। अकील को यह बात पता लगने पर लालबाग आकर उसने विवाद कर हंगामा मचाया था। इस प्रताड़ना से तंग आकर अनीता ने पुलिस से शिकायत की है। महिला ने परेशान होकर बजरंग दल के साथियों को अपनी परेशानी बताई। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धर्म बदलने के लिए विवश करने वाले अकील के विरूद्ध शिकायत करने के लिए महिला का सहयोग किया। शिकायत के आधार पर मोहम्मद अकील के खिलाफ धारा 498ए, 294, 506, मप्र धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार 2021 की धारा 3, 5 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तार कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। जिले में ऐसे बहुत से मामले प्रकाश में आ रहे है जहां लव जिहाद या धर्म परिवर्तन को लेकर विशेष संप्रदाय के लोग अपनी दूषित मानसिकता और रणनीति के तहत धर्म परिवर्तन के कार्य में लगे है जिसका समय समय पर बजरंग दल विरोध करता रहा है। यह मामला भी उन्हीं मामलों में से एक है।

### सांसद बंटी विवेक साहू का आज होगा अभिनंदन

**छिंदवाड़ा।** नवनिर्वाचित सांसद श्री बंटी विवेक साहू जी का स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन शाम 6:00 बजे से श्याम टॉकीज नरसिंहपुर रोड में आयोजित किया गया है । सांसद श्री बंटी विवेक साहू के अभिनंदन कार्यक्रम को लेकर नरेश साहू विशाल शर्मा, बलराम साहू पार्षद, तरुण किनरा ,नीरज भारद्वाज ,हेमंत शर्मा, विजय गुगनानी,विजय कुकरेजा,अतुल माहेश्वरी ने बताया कि श्याम टॉकीज क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13, 15, 17 के वार्ड वासियों द्वारा छिंदवाड़ा की माटी के पुत्र सांसद श्री बंटी विवेक साहू का स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे साथ ही सांसद श्री बंटी विवेक साहू जनता जनार्दन का आभार प्रकट करेंगे। वहीं सांसद बंटी विवेक साहू आज 3 जुलाई 2024 को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे सांसद श्री साहू श्याम टॉकीज क्षेत्र में नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे रात 9 बजे रोटरी क्लब के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

### बच्चों ने बनाई स्वच्छता का संदेश देते हुए रंगोली एवं पेंटिंग



**छिंदवाड़ा।** शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत शहरी स्वच्छता आधारित एक दिवसीय स्वच्छता अभियान 25 जून से 23 जुलाई 2024 तक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज दिनांक 02 जुलाई 2024 को नगर पालिका निगम, छिंदवाड़ा द्वारा बैकलेंस ब्यूटीफिकेशन कैंपेन का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के आवासीय एवं सार्वजनिक क्षेत्र में स्थित बैकलेंस की जन सहभागिता से साफ सफाई एवं सौंदर्यकरण किया गया। इसके साथ ही रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा स्वच्छता का संदेश देते हुए रंगोली एवं पेंटिंग बनाई गई। उपरोक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी श्री अनिल मालवी, स्वच्छता निरीक्षक श्री मंगेश राव पवार, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सुनील मालवी, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक अनिल लोट सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### समाज एकजुटता के साथ काम करें-वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मध्यप्रदेश केश शिल्पी मंडल के चेयरमेन नंदकिशोर किशोरी वर्मा जी आज छिंदवाड़ा सर्किट हाउस में आगमन हुआ।जहां उनका भारतीय सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार , जिला अध्यक्ष सागर बंदेवार,मंदिर निर्माण अध्यक्ष सुरेंद्र से युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित बंदेवार, जिला युवा अध्यक्ष हेमंत, महिला अध्यक्ष नीतू सराठे दीपक राज बंदेवार, दिनेश बंदेवार, राजकुमार सराठे सहित अन्य समाजिक बंधुओ ने शाल श्रीफल ओर स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया इस अवसर नगर निगम की ओर योजना प्रभारी उमेश प्यासी विशेष रूप से उपस्थित थे श्री वर्मा ने सर्किट हाउस में समाज के पदाधिकारियों चर्चा करते हुए केश शिल्पी योजना के बारे विस्तृत जानकारी दी केश शिल्पी बंधुओ से योजना का अधिक संख्या में लाभ लेने की अपील की।साथ ही श्री वर्मा जी सेन समाज भवन प्रांगण पहुंचे जहां पर सभी सेन समाजिक बंधुओ के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर श्री नंदकिशोर वर्मा जी द्वारा बनने वाले मंदिर का निरिक्षण कर कि मंदिर निर्माण में हर संभव मदद करने की बात की समाज में श्री नंदकिशोर वर्मा ने कहा कि अब समाज के अब एकजुट होने का समय आया गया ताकि लोग हमारे समाज की ताकत पहचाने ओर में लोग शिक्षा के क्षैत्र में भी लोग आगे बढ़ रहे।

## कलेक्टर और सीईओ ने रोपे पौधे

### ग्राम पंचायत हीरावाड़ी में बनाए गए नवीन कृषक सुविधा केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



शासन की मंशा के अनुरूप कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में 01 जुलाई से एक पेड़ मां के नाम अभियान की जिले में शुरुवात हो चुकी है। यह अभियान 15 जुलाई 2024 तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री सिंह ने सीईओ जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल के साथ जनपद पंचायत मोहखेड़ के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर आज भी मां के नाम पौधे लगाए।

कलेक्टर श्री सिंह सर्वप्रथम ब्लॉक मोहखेड़ के ग्राम मैनीखापा पहुंचे और शासकीय हाई स्कूल मैनीखापा के विद्यार्थियों से संवाद किया एवं उन्हें अच्छी तरह से अनुशासित होकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिसके बाद उन्होंने स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अपनी मां स्व.श्रीमती प्रकाश रानी की स्मृति में एक पौधा लगाया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल ने भी अपनी मां श्रीमती नीना जैसवाल के नाम एक पौधा लगाया। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत मोहखेड़ सहित अन्य अधिकारियों, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव सहित स्थानीय कर्मचारियों, स्कूल प्राचार्य, शिक्षकों व स्कूली विद्यार्थियों ने भी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए। मैनीखापा में कलेक्टर श्री सिंह ने हितग्राही कृषक श्री पंचू धुर्वे द्वारा पिछले वर्ष लगाए गए पौधों के बागान का निरीक्षण किया, जिसमें सभी पौधे जीवित पाए गए। यहां एक स्टॉप डैम भी प्रस्तावित है, जिसकी साइट का भी निरीक्षण किया।

मैनीखापा के बाद कलेक्टर श्री सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री जैसवाल के साथ मोहखेड़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत रजोला रैय्यत पहुंचे और ग्राम पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सचिव के रिकॉर्ड्स एवं अन्य दस्तावेज भी देखे। जिसके बाद उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत परिसर में ही मां के नाम पौधारोपण किया।

## उपचुनाव को लेकर जीतू पटवारी ने कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के चलते कांग्रेस और भाजपा में कड़ी टक्कर देखी जा रही है तो वहीं मंगलवार को अमरवाड़ा विधानसभा की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सिंगोड़ी के शौर्य लॉन में कांग्रेस पार्टी का चंद्रवंशी समाज के साथ बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर चंद्रवंशी समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि पूरे देश और प्रदेश में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का नाम है।

उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने किसानों का कर्जा माफ किया छिंदवाड़ा जिले जैसा विकास कही नही हुआ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने खूब विकास किया और हर वर्ग के लोगो का ध्यान रखा वही बूथबार लोकसभा चुनाव की समीक्षा भी कार्यकर्ताओं के साथ की। वहीं श्री पटवारी ने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से आप सभी चंद्रवंशी समाज के लोगो से मिलना चाह रहा था और आज आप लोगो से मिलकर बहुत खुशी हुई। इसके साथ ही भाजपा सरकार में बेरोजगारी , महंगाई सहित अनेक मुद्दे की बात कही। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे , विधायक विजय चौरे, विधायक देवेंद्र पटेल, गंगाप्रसाद तिवारी ,चंद्रवंशी समाज के बलराम पटेल , घनश्याम पटेल , कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष आशीष पटेल , संजय ठाकुर , विनोद सिंगोरे ,पर्यवेक्षक राजू शुक्ला , पृथ्वीराज ठाकुर,राजेश पटेल , असरफ पटेल , जीतू जैन सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता व चंद्रवंशी समाज के लोग उपस्थित रहे।

### लम्बे समय से अनुपस्थित रहने पर 3 सहायक शिक्षक निलंबित

**छिन्दवाड़ा।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा द्वारा विकासखंड तामिया के संकुल केन्द्र जैतपुर की प्राथमिक शाला मरकाखेडा के 02 प्राथमिक शाला सहायक शिक्षक व सीतामुआर के 01 सहायक शिक्षक के लम्बे समय से अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि जिले के विकासखंड तामिया के उच्चतर माध्यमिक शाला जैतपुर के प्राचार्य द्वारा 30 जनवरी 2024 को संकुल केन्द्र जैतपुर प्राथमिक शाला मरकाखेडा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला मरकाखेड़ा के 02 सहायक शिक्षक श्री सुमरसिंह भारती और सहायक शिक्षक श्री प्रहलाद धुर्वे अनुपस्थित पाये गये। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि श्री भारती लंबे से अनुपस्थित हैं। उन्होंने संस्था में स्वयं के स्थान पर 4000 रूपये में एवजीदार नियुक्त किया हुआ है, जो संस्था का संचालन करता है। श्री भारती संस्था में कभी-कभी आकर उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर चले जाते हैं। श्री भारती को 12 मार्च 2024 को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, किन्तु श्री भारती द्वारा उसका उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया।

### ट्रक में लगी थी जाली नंबर प्लेट, पुलिस ने दर्ज किया मामला

# युवाओं ने कत्लखाने जाने से बचाई मवेशियों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया





कोयलांचल के युवाओं की मुस्तैदी के चलते क ई मवेशियां कत्ल खाने जाने से बच गईं । इस मामले में पुलिस ने गौवंश तस्करों को हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया है । वहीं गौवंश को गौशाला पहुंचा दिया गया है ।मंगलवार को लगभग 12 गौ रक्षा से जुड़े युवाओं के द्वारा शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरगढ़ के शांता घाट के समीप एक ट्रक को पकड़ा गया । जिसमें 59 गांए भरी हुई थीं । इनमें से 5 गांए मृत पाई गई ।

युवाओं के द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना दी गई । जिसके बाद एसडीओ पुलिस जितेन्द्र सिंह जाट परासिया , थाना प्रभारी जिगोतिन मसराम और शिवपुरा थाने का बल मौके पर पहुंच गया । इसके बाद ट्रक के चालक और परिचालक को हिरासत में लिया गया । साथ ही ट्रक को मेघासिवनी में स्थित गौशाला में पहुंचाया गया । जहां सभी गौवंश को रखा गया है । इसके बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है । बताया जा रहा है , कि यह ट्रक भोपाल की ओर से महाराष्ट्र के लिए निकला था । न्यूटन में कुछ युवाओं को शक हुआ तो वे ट्रक का पीछा करने लगे । इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में इसकी सूचना दे दी । ट्रक चालक ट्रक को शिवपुरी मार्ग पर ले गया । यहां शांता घाट पर पहले से मौजूद ट्रक को रोक लिया । बहरहाल मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है । ट्रक में जाली नंबर प्लेट लगी होना बताया जा रहा है । साथ ही इस काम के पीछे भोपाल के किसी से शहजाद का हाथ बताया जा रहा है ।

## शहर में फैला चर्चाओं का बाजार

# पूर्व विधायक खवसे के जन्मदिन बधाई वाले होर्डिंग पर एक रात में लगे अनेक कट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा




कल पूर्व विधायक एवं जिलासहकारी बैंक छिंदवाडा के पूर्व अध्यक्ष मारोतराव खवसे के जन्मदिन के अवसर पर बधाईयां देने लगाए गए एक बडे होर्डिंग को कुछ शरारती तत्वों द्वारा रात्रि में कई जगह से कट्स लगाए गए। ज्ञात हो कि जिस होर्डिंग पर कट्स लगाए गए वह फायर ब्रिगेड कार्यालय के बाजू में स्थित सीएमओ पांढुर्ना के शासकीय आवास के ठीक सामने लगा है। एक रात्री में ही होर्डिंग पर कई स्थानों पर लगाए गए कट से जाहिर होता है कि यह पूर्व विधायक मारोतराव खवसे के प्रति मन में गुस्सा रखने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा की गई हरकत है। इस कृत्य के कुछ भाजपा नेताओं ने निंदनीय बताया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु लेंडे ने बताय कि हम आज शाम तक इस बारे में पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे। इस बारे में नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने अफसोस जाहिर करते हुए बताया कि पूर्व विधायक मारोतराव खवसे हमारे लिए आदरणीय है और एक वयोवृद्ध जनप्रतिनिधि है। अनेक भाजपा के लोग इनका काफी आदर करते है। इस हरकत को नपा अध्यक्ष ने घोर निंदनीय बताया है। नगरमंडल अध्यक्ष नरेश कलंबे जो फायर ब्रिगेड ऑफिस के सामने कट्स लगा हुआ होर्डिंग देख रहे थे ने कहा कि यह घटना हमारे लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्व विधायक मारोतराव खवसे का पूरा जीवन भाजपा में गया है और उन्हें चाहनेवालों की संख्या क्षेत्र में काफी है। यह शरारती तत्व किसी कौन है यह पुलिस पता करना चाहिए। इनके अनुसार यह घटना अफसोसनाक है। इस कृत्य में किसी राजनीतिक व्यक्ति का हाथ है या किसी और का इसे जरूर खोजना चाहिए।

पूर्व नगरमंडल अध्यक्ष विष्णु लेंडे के अनुसार हम आज शाम को इस बारे में पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कर रहे है पूर्व विधायक मारोतराव खवसे मेरे लिए और असंख्या युवाओं के लिए आदरणीय एवं मार्गदर्शक है।

इनके जन्मदिन के होर्डिंग के साथ इस प्रकार अपमानजनक व्यवहार करते हुए कट लगाना किसी मानसिक रूप से विक्षिप्त तत्वों का काम है। इन्होंने इस घटना की कडी भर्त्सना की है। इस प्रकार शहर भर में भाजपा के अनेक नेता, कार्यकर्ता एवं आमजनता द्वारा उक्त कृत्य की निंदा की जा रही है।

## नंदलाल सूद स्कूल में कर्नल के मार्गदर्शन में किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

24 एमपी बटालियन छिंदवाड़ा के कमान अधिकारी कर्नल जोसेफ उम्मन एवं एडम आफिसर कर्नल के पी विजय कुमार के निर्देशन में श्री नंदलाल सूद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव के प्राचार्य श्री सी एस दीक्षित के मार्गदर्शन में आज 70 एनसीसी कैडेटों ने खजरी फूलसा वन परिक्षेत्र जो कि विद्यालय से लगभग 4 किलोमीटर दूर है कि पैदल ट्रेकिंग करके 850 पौधों का वृक्षारोपण किया। विद्यालय से निकलने के बाद ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल के संचालक श्री निखलेश उपाध्याय एवं स्टाफ ने रास्ते में ncc के बच्चों का स्वागत किया। ncc अधिकारी श्री मनोज शर्मा एवं ncc कैडेटों ने ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल जुन्नारदेव में भी विद्यालय स्टॉफ के साथ वृक्षारोपण किया। इसके बाद ncc कैडेटों ने खजरी फुलसा वन परिक्षेत्र में जाकर वन विभाग के सहयोग से लगभग 850 पौधों का वृक्षारोपण किया। वन विभाग के अधिकारी श्री संजय कुमार साथ में श्री अंकित बारसिया एवं श्री प्रखर सोनी ने पूर्ण सहयोग दिया। प्राचार्य श्री दीक्षित ने कैडेटों से वृक्षारोपण क्यों करना है के बारे में जानकारी दी ।

## भाजपा नेताओं ने जलाया राहुल गांधी का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

स्थानीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर भारतीय जनता युवा मोर्चा विश्व हिंदू परिषद एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भारत की संसद में प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी ने हिंदू समाज को हिंसक शब्द से संबोधित कर समस्त हिंदू समाज का अपमान किया है इसके विरोध स्वरूप महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन स्थानी पुलिस प्रशासन को सोपा गया है साथ ही स्थानीय नेताओं द्वारा राहुल गांधी के कृत्य की निंदा करते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदय इस देश के हिंदू समाज की की गई टिप्पणी पर सारे देश से प्रतिपक्ष नेता माफी मांगे तत्पश्चात स्थानीय प्रशासन ने प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के पुतले को अग्नि में समर्पित किया भारी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता श्याम प्रसाद मुखर्जी चौक पर उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं द्वारा प्रतिपक्ष नेता के बारे में आम जनमानस को अवगत कराया।



## कलेक्टर ने अनुमोदित नवीन दरें की लागू

**जुन्नारदेवः** दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन महंगाई भत्ता देने के आदेश समस्त कर्मचारियों के लिए किए गए हैं। जिसका पालन नगर पालिका प्रशासन जुन्नारदेव में भी किया गया।कलेक्टर छिंदवाड़ा के संशोधित आदेश पत्र क्र./3627/व०लि०/2024 छिदंवाडा दिनांक 20.06.2024 पत्रानुसार श्रमायुक्तं मध्यप्रदेश शासन इंदौर की अधिसचना क्र/6/11/अन्वेषण/पाँच/ 2024 / 15817-16066 के अंतर्गत श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन तथा परिवर्तन शील महंगाई भत्ते की नवीन दरे लागू की गई है।उक्त दरे निकाय के कर्मचारियों को दिनांक 26.06.2024 से दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है ।दरे निम्नानुसार है अकुशल 339/- रू० प्रतिदिन.अर्द्धकुशल,368/- रू० प्रतिदिन. कुशल 414/- रू० प्रतिदिन,उच्च कुंशल 457/- रू० प्रतिदिन उपरोक्त दरे श्रमायुक्त म०प्र०शासन की जारी परिपत्र की कंडिकाओ का पालन कर आगामी वेतन भुगतान की कार्रवाई की जाएगी शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर के द्वारा समस्त विभागों के देने के वेतन भोगियों की नवीन दर पर वेतन दिया जाना के निर्देश समस्त विभागों में कार्य कर्मचारियों को इसका लाभ मिलना तय है।

## अनुष्का एजुकेशन सोसाइटी ने बताया पौधों का महत्व

**दमुआ।** अनुष्का एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी संबंधता मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन जी के निर्देशन में एवं विकासखंड समन्वयक संजय बामने जी के मार्गदर्शन में ब नवांकुर अध्यक्ष श्रीमती जीतिका विश्वकर्मा जी के माध्यम से ग्राम पिंडरईखुर्द मे बन रहे नवीन हनुमान मंदिर के चारों तरफ लगभग 25 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें सागौन, सीताफल, आंवला, बॉस पीपल बरगद आदि पौधे रोपित किए गए जिसमें प्रसफुटन समिति अध्यक्ष भूरालाल अटकॉम आशा कार्यकर्ता शकुम अटकुम समिति के समस्त सदस्य व ग्रामीण महिलाएं उपस्थिति रही अध्यक्षा श्रीमती जीतिका विश्वकर्मा द्वारा पौधारोपण का महत्व बताया गया। जनजीवन के लिए हर एक पौधा कितना महत्वपूर्ण है व कितनी उपयोगिता है बताई गई।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



देश के प्रधानमंत्री का अभियान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत लव्हाना में अमृत सरोवर पर पौधा रोपण किया गया । इस अवसर पर श्रीमती वैशाली महाले जिला भाजपा अध्यक्ष, जनपद उपाध्यक्ष, कलेक्टर अजय देव शर्मा, एसडीएम नेहा सोनी, सीईओ ललित चौधरी, तहसीलदार विनयप्रकाश ठाकुर, सहायक यंत्र , ब्लॉक समन्वयक जनपद पंचायत और सरपंच सचिव एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### अध्यापक ग्रामीण इलाके को करेंगे हरभरा

**पांढुर्ना।** गत दिवस अध्यापक संवर्ग ने ग्राम गोरलीखापा से लेकर रिंगनखापा तक लगभग 300 पेड रोपित किए। अध्यापक संवर्ग पांढुर्ना के अनुसार आने वाले बारिश के दिनों में रिंगनखापा के आगे सावजपानी तक पौधे रोपित किया जाना है।

## बहेला थाने में ग्रामीणों को दी गई नये कानून की जानकारी

# नये कानून को लेकर थाने में आयोजित हुआ जनसंवाद कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** केंद्र सरकार के द्वारा औपनिवेशिक काल के कानून में संशोधन करते हुए नए कानून लाये गये है जिसे 1 जुलाई से लागू भी कर दिए गया। नए कानूनों और न्याय संहिता में संशोधन के चलते वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर गत 1 जुलाई सोमवार को थाना बहेला में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां थाना प्रभारी मदन इवने द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को नए कानून और न्याय संहिता के विषय मे बिंदुवार जानकारी दी। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान नगर के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, ग्राम सरपंच, डॉक्टर, कोटवार, महिलाएं, छात्र, शिक्षक, शांति समिति के सदस्यगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। इस दौरान थाना परिसर में करीब 200 लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र -छात्राओं का रंगोली, कबड्डी, और रस्सा खीच प्रतियोगिता कराकर इनाम वितरित किए गए। बहेला पुलिस के जनसंवाद कार्यक्रम में 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता में हुए बदलाव की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी श्री इवने ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इस बदलाव के तहत भारतीय न्याय संहिता में कई धाराएं बदल गई, वहीं पुलिस विभाग के भी कई नियमों में परिवर्तन देखने को मिलेगा । बताया गया कि नए कानून के तहत पुलिस के काम करने के तरीके में भी कई अहम बदलाव देखने को मिलेगा, नए कानून के लिए पुलिस अनुसंधान के अधिकारियों को इसकी ट्रेनिंग दी गई है यह सभी कानून 1 जुलाई से लागू हो गए है । पुलिस के बताए अनुसार अब तक हत्या के आरोप में 302 के तहत कार्रवाई होती थी लेकिन अब इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 ए के तहत कार्रवाई होगी । ऐसे ही धोखाधड़ी करने वालों पर धारा 420 के तहत अपराध दर्ज होता था इसमें भी अब बदलाव कर इसे भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 कर दिया गया है । इसी तरह सामूहिक हत्या में पहले कोई धारा नहीं थी लेकिन अब मॉब लीचिंग के तहत फांसी की सजा दी सजा सकेगी । इसी तरह दुष्कर्म के लिए 376 की जगह 64 बीएस लगाई जाएगी। बताया जाता है कि आईपीसी 1960 की 511 धारा थी जिन्हें अब नए कानून भारतीय न्याय संहिता में घटाकर 358 कर दिया गया है। इंडियन पेनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता और क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक संहिता अधिनियम लागू हो जाएगा।

## करीब 5 साल से नहीं मिली तीसरी किस्त : पीएम आवास के हितग्राहियों ने डीएम कार्यालय में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



नगर परिषद कटंगी के करीब 20 से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियों ने मंगलवार को बालाघाट कलेक्टर कार्यालय में लगने वाली जनसुनवाई में पहुंचकर करीब 05 साल बाद भी तीसरी किस्त नहीं मिलने की शिकायत की है. हितग्राहियों ने 05 बिंदुओं के आधार पर शिकायत की. जिसमें तीसरी किस्त नहीं मिलने के अलावा तीसरी किस्त की राशि मय ब्याज प्रदान कराने, नगर परिषद कटंगी के प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के नोड़ल अधिकारी उपयंत्री राजेश चौकसे और लेखापाल अशोक दुबे द्वारा लगातार हितग्राहियों को झूठी और भाम्रक जानकारी देने पर उन्हें दोषी कराते हुए कार्रवाई करने और इन दोनों ही कर्मचारियों की संपत्ति की जांच करवाने की मांग रखी है. शिकायतकर्ताओं ने नगर परिषद कटंगी के 683 हितग्राहियों के छठवें डीपीआर में से 225 हितग्राहियों के नाम सीएमओ द्वारा बिना कोई कारण बताए ही सरेंडर कर दिए गए. इस मामले की भी उचित जांच और कार्रवाई की मांग की है. जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने शिकायतकर्ताओं से कहा है कि पूरा मामला संज्ञान में है और जांच कार्रवाई प्रगति पर है. शीघ्र ही जिले से भी एक टीम जांच के लिए भेजी जाएगी।

पूर्व पार्षद योगराज ठाकरे के नेतृत्व में आज शहर के अलग-अलग वार्डों से पीएम आवास योजना के हितग्राही कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे. हितग्राहियों ने बताया कि वर्ष 2019 में केन्द्र सरकार की आवास योजना का लाभ मिला था. आवास का निर्माण समय पर पूर्ण कर लिया गया. मगर, अब तक तीसरी किस्त नहीं मिली. तीसरी किस्त के लिए कई बार नगर परिषद कार्यालय के चक्कर काटे. तहसीलदार और एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा गया परंतु कोई हल नहीं निकला. हितग्राहियों ने बताया कि योजना के मुताबिक जैसे-जैसे किस्त मिलते गई वैसे-वैसे निर्माण किया गया. इस दौरान जब तीसरी किस्त समय पर नहीं मिल पाई और आवासों का निर्माण अधूरा था तब आवास पूर्ण करने के लिए हितग्राहियों साहूकारों से कर्ज और दुकानदारों से उधार में सामग्री ली थी और निर्माण पूर्ण करवाया. हितग्राहियों को उम्मीद थी कि जब तीसरी किस्त मिलेगी तो वह अपना उधार चुका देगें किन्तु आज तक तीसरी किस्त नहीं मिली और हितग्राहियों साहूकारों से ली गई राशि का का ब्याज चुका रहे है. ऐसे में हितग्राहियों की मांग है कि जिन लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों की वजह से किस्त नहीं मिली. उन दोषी कर्मचारियों से हितग्राहियों के ब्याज की राशि वसूल की जाए।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018-19 से आवास योजना का कार्य नगर में प्रारंभ हुआ. वर्ष 2023 तक नगर परिषद 1 हजार 169 हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ प्रदान कर चुकी है. इनमें 145 हितग्राही ऐसे है जिन्हें तीसरी किस्त नहीं मिली है. इनमें सर्वाधिक हितग्राहियों की संख्या वर्ष 2019 में स्वीकृत आवासों की है. बीते दिनों इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए थे. 18 सदस्यों का एक जांच दल बनाया गया था. जिसे करीब 08 बिंदुओं के आधार पर जांच करनी थी. जांच दल ने आवासों का भौतिक सत्यापन किया शेष बिंदुओं की जांच नगर परिषद से सहयोग नहीं मिल पाने के कारण पूरी नहीं हो पाई और अधूरी रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय में जमा कराने की जानकारी सामने आई है।

## चम्मूटोला में 50 वर्षीय महिला की हत्या

**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम चम्मुटोला में रोगड़े खड़े कर देने वाली वारदात सामने आई है. यहां पर एक 50 वर्षीय महिला की गर्दन पर धारदार वस्तु से हमला कर हत्या करने की घटना घटित हुई है. यह पूरी घटना सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात्रि घटित हुई है. पुलिस ने मंगलवार को मृत महिला का शव बरामद कर पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाया और शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है. पुलिस ने संदेह के आधार पर महिला के ही भतीजे को हिरासत में लिया है. जिससे पूछताछ की जा रही है. मिली जानकारी अनुसार चम्मुटोला निवासी कविता कोकोड़े की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई. पुलिस ने बताया कि अभी जांच जारी है. जांच पूरी होते ही विस्तार से जानकारी दी जाएगी. ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार पुलिस ने भतीजे को हिरासत में लिया है. उसने गांव में एक बैठक के दौरान अपनी चाची को जान से मारने की धमकी दी थी. जिसके बाद महिला की हत्या हो गई।

## शासकीय एस.एस.पी. महाविद्यालय में भव्य दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय सतपुड़ा भवन भोपाल के पत्र एवं आदेशानुसार शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह 1 जुलाई 2024 को प्रातः 09 बजे से महाविद्यालय के इंदिरा कक्ष में प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं कृष्णा पराते कार्यक्रम संयोजक, नरेंद्र कुमार डोंगरे सह संयोजक एवम् समस्त गठित सदस्यों के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

दीक्षारंभ समारोह में सर्वप्रथम प्रातः 09 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त अतिथियों द्वारा सरस्वती माता के पूजन के पश्चात नव प्रवेशित छात्र छात्राओं तथा उनके पालको में पूनाराम पटले, सोहन लाल भुजाड़े, प्रवीण वासनिक का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रातः 10 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय का परिचय करवाते हुए विजन मिशन की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया।

डॉ एस एस गेडाम प्रशासनिक अधिकारी द्वारा महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया और प्रशासनिक प्रक्रिया के बारे मार्गदर्शित किया। प्रातः 11 बजे समस्त संकाय विभागाध्यक्ष और कर्मचारियों द्वारा व्याख्यान और वीडियो के माध्यम से व्यक्तिगत एवम् विभाग का परिचय कराया गया। दोपहर 12 बजकर10 मिनट से वरिष्ठ छात्र-छात्राओं में रविंद्र पटले, आदर्श चौरे एनएसएस स्वयं सेवक, प्रतीक्षा मसकरे एनसीसी कैडेट, तीजन कावरे स्पोर्ट द्वारा राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों को छात्र-छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किया।

दोमदत्त सिंह सहायक प्राध्यापक द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को आइस ब्रेकिंग सत्र के दौरान मनोरंजक फिल्म वीडियो के माध्यम से मोटिवेट किया गया और नई शिक्षा नीति के अनुसार शैक्षणिक संरचना और परीक्षा प्रणाली का परिचय व्याख्यान एवं वीडियो के द्वारा प्रस्तुत किया गया। दोपहर डेढ़ बजे विकास साहू द्वारा समस्त नव प्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए समस्त विभागों से परिचय कराते हुए उन्हें महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम आयोजन में सफल मंच संचालन कार्य नरेंद्र कुमार डोंगरे सह संयोजक द्वारा किया गया। अंत में कृष्णा पराते संयोजक द्वारा कार्यक्रम में शामिल 218 सभी नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं, एनएसएस स्वयं सेवक, एनसीसी कैडेट्स, स्पोर्ट्स छात्र छात्राएं, महाविद्यालयीन समस्त अधिकारी और कर्मचारी तथा छात्र छात्राओं के पालकों का आभार व्यक्त कर प्रथम दिवस का समापन दोपहर ढाई बजे किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहब आंबेडकर की मूर्ति स्थापना की मांग

# भीम आर्मी, जम्मू मरारमाली समाज एवं अन्य सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर परिषद लांजी अंतर्गत आने वाली सब्जी मंडी के समीप स्थित तिराहा पर ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहब आंबेडकर की मूर्ति स्थापना की मांग को लेकर भीम आर्मी, जम्मू मरारमाली समाज एवं अन्य सामाजिक संगठनों ने आज सब्जी मंडी मार्केट बंद रखकर अपना विरोध जताया है। तथा ज्योतिबा फुले एवं बाबा आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित न किये जाने पर भविष्य में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए भीम आर्मी, जम्मू मरारमाली समाज एवं अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया की गत वर्ष तत्कालीन राज्य मंत्री रामकिशोर कावरे एवं पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे द्वारा प्रतिमा स्थापना हेतु जो स्थान चयनित किया गया था उसे यथावत रखते हुए उसी स्थान पर सब्जी मंडी रेस्ट हाऊस के सामने ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहब आंबेडकर की मूर्ति स्थापना की जाकर उक्त चौक का नाम संविधान चौक के नाम पर रखा जाए। परंतु एक समाज के पदाधिकारियों द्वारा उक्त स्थान पर भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा स्थापना को लेकर मांग करते हुए प्रदर्शन की चेतावनी दी जा रही है तो वहीं भीम आर्मी एवं मरार समाज सहित अन्य समाज के द्वारा उक्त स्थान पर महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर मांग की जा रही है जिससे यहां महापुरूषों की प्रतिमा स्थापना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। जिसको लेकर आज 2 जुलाई को भीम आर्मी एवं मरारमाली समाज सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने सब्जी मंडी बंद रखकर अपना विरोध जताया और पैदल मार्च निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

### इनका कहना है

रेस्ट हाऊस के सामने एक तिराहा है उक्त स्थान पर भगवान सहस्त्रबाहू की प्रतिमा स्थापना करने के लिये कलार समाज के द्वारा नगर परिषद से प्रस्ताव पारित कर वहां भगवान सहस्त्रबाहू की मूर्ति स्थापित करने की मांग की गई थी। इसी तरह मरार माली समाज एवं अन्य समाज द्वारा उसी स्थान पर महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर संविधान चौक का नाम दिये जाने की मांग की जा रही है। दोनो ही समुदाय से ज्ञापन प्राप्त हुए है। दोनो ही ज्ञापन के आधार पर संस्कृति संचनालय एवं संस्कृति विभाग द्वारा जो गाईड लाईन जारी की गई है उस आदेश अनुसार विधि संगत निर्णय दिया जाएगा।

**प्रदीप कौरव,**
**एसडीएम लांजी**

# नियमों में उलझा बच्चों का भविष्य सुलझाएगा कौन...!

**मध्य प्रदेश बोर्ड द्वारा संचालित स्कूलों में उम्र सीमा के चलते कक्षा 9वीं में एक अप्रैल की स्थिति में 13 साल से कम उम्र के कारण एडमिशन नहीं मिल रहा है। स्टूडेंट्स के अभिभावक बहुत परेशान है। स्टूडेंट ने कक्षा 8 पास कर ली है अब उसे कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेना है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

अभिभावक अपने बच्चे बच्ची को लेकर स्कूल एवं संबंधित अधिकारी के पिस जा रह है परंतु सब जगह से उसे निराशा ही मिल रही है। नई शिक्षा नीति के कारण, अब उम्र की सीमा संबंधी विसंगति से मध्यप्रदेश में इस उम्र के बच्चे बच्चियों की संख्या लाखों में होने की बात कही जा रही है। कर दिया गया है, बोर्ड ने इस बारे में पत्र जारी करते हुए ऑनलाइन नॉमिनेशन की तारीख को 30 नवंबर 2023 कर दिया है।

आपको बता दें कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद बच्चों के स्कूल में एडमिशन को लेकर उम्र संबंधी कुछ नियम लागू किये गए हैं, इसके तहत अब 5 साल से कम उम्र के बच्चे / बच्ची का कक्षा 1 में एडमिशन नहीं हो सकता, इस नियम के लागू होने का मतलब ये निकला कि 13 साल से कम उम्र का बच्चा/बच्ची का एडमिशन कक्षा 9 में नहीं हो सकता, इस नियम से एमपी के हजारों 8वीं पास बच्चे 9वीं में एडमिशन से वंचित रह गए और फीस के लालच तथा नियमों में संशोधन की संभावनाओं में जो प्राईवेट स्कूल इन बच्चों के एडमिशन ले रहे है यदि नियम में शिथिलता नहीं आई तो इन बच्चों का भविष्य का एक वर्ष खराब होना निश्चित है।

पिछले साल नॉमिनेशन की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर भी निकल जाने के पश्चात सरकार ने नियमों को शिथिल कर दिया था। यही संभावना इस वर्ष. जताई जा रही है परंतु इस प्रकार की छूट से नई शिक्षा नीति के मापदंड पूरे नहीं होते। ऐसे में इन बच्चों का क्या होगा फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। नई शिक्षा नीति में कक्षा 9 के लिये 13 वर्ष एवं कक्षा 01 में न्यूनतम 05 वर्ष उम्र 01 अप्रैल की बाध्यता निर्धारित की गई है जबकि पहले शिक्षा सत्र जुलाई से प्रारंभ होता था साथ ही दो चार माह कम उम्र के बच्चों को भी स्कूल में प्रवेश देने की परंपरा रही है। उम्र की बाध्यता के साथ प्रारंभ हो रहे नये शिक्षा सत्र के कारण अनेक विद्यालय में कक्षा 9 और कक्षा एक में बच्चों की संख्या बहुत कम हो गई है ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में इस उम्र की बाध्यता के कारण कक्षा 9 की क्लास में खाली पड़ी हुई है और एक में बहुत कम प्रवेश आ रहे है।

इस संबंध में सिवनी जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे का कहना है कि नई शिक्षा नीति में इस प्रकार के प्रावधान है और सरकार ने आदेश जारी किये है। बहुत अभिभावक नियमों में शिथिलता की मांग कर रहे है, सरकार इस जो निर्णय लेगी उसके अनुसार व्यवस्था दी जायेगी फिलहाल जो नियम है उसका पालन शिक्षा संस्थानों को करना चाहिए। प्राईवेट स्कूल अभिभावकों को गुमराह न करें।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से पहले मध्य प्रदेश में 4 से 5 साल के उम्र के बच्चे / बच्ची का एडमिशन हो जाता था और 12 से 13 साल उम्र के बीच का बच्चा/बच्ची 9 वीं में एडमिशन ले लेता था लेकिन नई शिक्षा नीति के इस नियम में वे उलझ गए, मामला बोर्ड के अधिकारियों के पास पहुंचा तो इसका समाधान निकाले जाने पर विचार किये जाने संभावना की गुंजाइश है। पिछले सत्र में छूट दी गई थी।

## छपारा में हुई नये कानून के साथ दो FIR दर्ज

**हरिभूमि न्यूज छपारा।** 1 जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं. कानून की यह संहिताएं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (**BNSS**), भारतीय न्याय संहिता (**BNS**) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (**BSA**) हैं. नए कानूनों में कुछ धाराएं हटा दी गई हैं तो कुछ नई धाराएं जोड़ी गई हैं, इस क्रम में सिवनी जिले के थाना छपारा में पहली एवम दूसरी **FIR** भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत दर्ज की गई है। 1 अपराध क्रमांक 294/2024 धारा 325, 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023, 4,9 म. प्र. गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, 11 (1) (1) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम नाम प्रार्थी क्रेशलाल पिता रम्मू इनवाती उम्र 40 साल निवासी ग्राम जामुनपानी थाना छपारा नाम आरोपी (1) जगराम पिता शेरचंद इरपाचे उम्र 58 साल (2) कमलसी पिता रामप्रसाद इनवाती उम्र 30 साल दोनो निवासी ग्राम जामुनपानी थाना छपारा (3) अजबलाल पिता अमसलाल इनवातीउम्र 30 साल (4) राजकुमार पिता बिरसा उइके उम्र 35 साल दोनों निवासी ग्राम केवलारी थाना छपारा 2 अपराध क्रमांक 295/2024 धारा 281, 125 भारतीय न्याय संहिता 2023 नाम प्रार्थी रमेश कुमार पिता दुर्गाप्रसाद कुमार उम्र 23 साल निवासी ग्राम मानोना थाना कैमोरी जिला रामपुर यू.पी. नाम पता आरोपी ट्रक क्रमांक **MH**40**CD**7222 चालक ।

## लोन के नाम से महिला ने की धोखाधड़ी, हुई फरार



धोखाधड़ी को लेकर महिलाओ ने पुलिस अधीक्षक के नाम सौपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के बरघाट थाना अंतर्गत आने वाले जावरकाठी ग्राम की महिलाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि उनके साथ ग्राम की ही एक महिला ने 20 लाख की धोखाधड़ी की है।

एसपी को दिए गए आवेदन में महिलाओं ने बताया कि उनके नाम पर कई बैंकों से लोन लेने और लोन की राशि स्वयं के उपयोग में लेकर महिला परिवार समेत फरार हो गई है। गांव की सरोज, अनीता, ज्ञानेश्वरी, गीता और रीना मर्सकोले समेत अन्य महिलाओं ने बताया है कि गांव की शिवकुमारी पति सुरेन्द्र इनवाती नामक महिला ने गांव की ही महिलाओं को झांसा देकर उनके नाम से स्वास्तिक बैंक सिवनी, उत्कर्ष बैंक, ग्राम शक्ति बैंक, सूर्योदय बैंक, आशीर्वाद बैंक, बंधन बैंक, ग्रामीण कोटा, कमल फायनेंस समेत अन्य बैंकों से 20 लाख रुपए का लोन ले लिया।

महिलाओं के खातों में लोन की राशि आने पर शिवकुमारी ने घर आकर प्रलोभन देते हुए सभी महिलाओं के खातों से लोन की राशि निकलवाकर स्वयं खर्च कर ली। अब शिवकुमारी लोन की किस्त बैंकों में जमा नहीं कर रही है। इसके कारण बैंक के कर्मचारी उनके घर आकर लोन की राशि की मांग कर रहे हैं।

महिलाओं ने शिकायत में आरोप लगाते हुए बताया है कि रुपए वापस मांगने और बैंक में किस्त की राशि जमा करने की बात कहने पर शिवकुमारी के पति सुरेन्द्र इनवाती द्वारा आत्महत्या करने और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित महिलाओं ने शिवकुमारी और उसके परिवार से उनके नाम से लिए गए लोन की राशि बैंकों को वापस दिलवाए जाने की मांग की है।

## बंडोल मे विद्युत समस्या निवारण शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बंडोल।** विद्युत वितरण केंद्र बंडोल व उसके के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में ग्राम पंचायत भवन में विद्युत समस्या निवारण शिविर का आयोजन होगा जिसकी दिनांक व ग्राम वार जानकारी इस प्रकार है, ग्राम पंचायत बंडोल में 4 जुलाई को, ग्राम पंचायत बांकी में 8 जुलाई,ग्राम पंचायत बखारी में 12 जुलाई,ग्राम पंचायत बलारपुर में 16 जुलाई व ग्राम पंचायत कलारबांकी में 19 जुलाई को विद्युत समस्या निवारण शिविर का आयोजन होगा।

## पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में दीक्षारंभ के द्वितीय दिवस दी गई कैरियर गार्डडेंस की जानकारी

**पीएम एक्सीलेंस कॉलेज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में दिनांक 2 जुलाई 2024 को दीक्षारंभ के द्वितीय दिवस के अवसर पर युवा संसाधन केंद्र एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना अंतर्गत अभी तक किए गए विभिन्न कार्यक्रमों जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम, औद्योगिक भ्रमण, प्लेसमेंट ड्राइव, रोजगार मेला सेमिनार, वेबीनार, जागरूकता के कार्यक्रम आदि की विस्तृत जानकारी एसवीसीजीएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ मान सिंह बघेल द्वारा प्रदान की गई एवं आगे की कार्य योजना अनुसार सत्र 2024 -25 में किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उपस्थित समस्त नवप्रवेशित विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि वे अपने समय का सदुपयोग करते हुए महाविद्यालय के युवा संसाधन केंद्र के रिडिंग रूम में उपस्थित होकर अपने करियर के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उपलब्ध कैरियर संबंधी अध्ययन सामग्री, समाचार पत्र, रोजगार निर्माण आदि हमेशा उपलब्ध रहते हैं। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की अध्ययन सामग्री पर्याप्त मात्रा में है। व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण पुस्तक उपलब्ध हैं। विद्यार्थी उपलब्ध संसाधनों का भरपूर उपयोग करें एवं उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई है तो जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर मान सिंह बघेल या महाविद्यालय की टीपीओ प्रोफेसर सोनी भांबेरकर से संपर्क कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में रोजगार - स्वरोजगार एवं स्टार्टअप से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि सिवनी के आसपास सफल उद्यमियों की यूनिट्स का भ्रमण कर जानकारी हासिल कर सकते हैं इस कार्यक्रम में प्रोफेसर सोनी भंवरकर ने भी विभिन्न आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कैरियर संबंधी मार्गदर्शन के लिए महाविद्यालय के उपस्थित प्राध्यापकों ने भी अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किया।

## राहुल गांधी का जिला भाजपा और युवा मोर्चा ने किया पुतला दहन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला भाजपा,युवा मोर्चा के तत्वाधान में आज छिंदवाड़ा चोक पर 5 बजे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बिगड़े बोल पर जिला भाजपा और युवा मोर्चा ने किया पुतला दहन किया। जिला भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने जय श्री राम के नारे लगाते हुए,हिन्दू विरोधी बिचार धारा का किया पुरजोर विरोध और राहुल गांधी मुर्दाबाद के लगाए नारे।जिसमे पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष युवराज राहंगडाले,राजेश त्रिवेदी, सुजीत जेन, भुनेश कुल्हाड़े, नरेश माना ठाकुर,विनोद सोनी, शिव सनोडिया, लालू राय, राज ठाकुर,आशीष माना ठाकुर,हितेश सूर्यवंशी,सहित सेकड़ो कर्ताओं की उपस्थिति रही।

## अधिकारियों ने किया चेक पोस्ट का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डां. मोहन यादव के निर्देशानुसार अंतर्राज्जीय एकीकृत परिवहन जाँच चौकियों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। चैकपोस्ट वाहन सीधे गुजर रहे है। इन पर अब कोई रोक टोक नहीं है। पहले इन्हीं चेक पोस्टों पर वाहन चालको को घंटों लग जाते थे और लंबी लंबी लाईने चेक पोस्टों पर रहती थी परंतु अब वाहन चालक चेक पोस्ट से सीधे पूरी स्पीड के साथ निकल रहे हे। अंतर्राज्जीय एकीकृत परिवहन जाँच चौकी खवासा मेटेवानी सिवनी चैक पोस्ट मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र राज्य की सीमा की चेक पोस्ट थी जहाँ आज पहली बार बिना रूके माल वाहक तेजी से निकल रहे है। क्षेत्रीय जनों ने इस प्रकार का पहली बार दृश्य देखा तो अनेक सोशल मीडिया युजर्स ने फोटो शेयर किये तो किसी ने वीडिओ ।



जिला कलेक्टर सिवनी के निर्देश के परिपालन में ए.डी.एम. सी.एल. चिनाब, एडिशनल एस.पी. जी.डी. शर्मा, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी देवेश बाथम एवं प्रभारी, रोड सेफ़्टी एवं इंफोर्समेंट चैकिंग पॉइंट रत्नाकर उइके ने खावास पहुँचकर परिवहन जाँच चौकी का निरीक्षण किया और बंद कराया। अधिकारियों द्वारा रोड सेफ्टी एवं इंफोर्समेंट चैकिंग पॉइंट तथा रोड सेफ्टी एण्ड इंफोर्समेंट मोबाइल यूनिट हेतु स्थल चयन किया गया एवं प्रवर्तन अमला को दिशा-निर्देश प्रदान किए गए । खवासा चेक पोस्ट के बंद होने से वाहन चालक बहुत खुश नजर आ रहे है। यहां बता दें कि चेक पोस्टों पर अवैध वसूली की अनेक शिकायते आने के कारण इन्हें बंद करने का निर्णय लिया गया है।

## उपयंत्री के संरक्षण में सचिव सरपंच कर रहे मौज

### सचिव-सरपंच मिलकर बिना कार्य किये ही आहरण कर ,किया जा रहा है शासकीय राशि का बंदरबांट



हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनादौन।

लखनादौन जनपद पंचायत लखनादौन की कई पंचायत ऐसी है जहां सचिव सरपंच को सरपंच को बीट-उपयंत्री महोदय का संरक्षण प्राप्त होने के कारण बे लोग बेखौफ होकर मदो-(फंड) से ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के लिए आई शासकीय राशि का आपस मे बंदरबाट कर रहे है जिसकी पूरी जानकारी उपयंत्री और पंचायत स्पेक्टर के पास है लेकिन जब भी किसी हितग्राही या जनप्रतिनिधि के द्वारा पंचायत के विकास कार्य और शासकीय राशि के गवन का मामला अधिकारीयो के संज्ञान मे लाया जाता है तो जांच एवं समकक्ष पर कार्यवाही के जगह सिर्फ खानापूर्ति करके शिकायत का निराकरण कर दिया जाता है लेकिन कोई विभागीय-कार्यवाही नही की जाती है।

चाहे वो मनरेगा- खेत तालाब हो, निर्मल नीर कुआ,अमृत सरोवर, पुलिया निर्माण, या मेंढ-बंधान हो और या फिर 15 वां वित्त व 5 वां वित्त की राशि से निमार्ण किये जाने वाले सी.सी. रोड और नाली हो सभी मे उपयंत्री का संरक्षण है तो जमीन पर नही सरकारी कागजो मे हर कार्य संभव है। लगातार -ग्रामीणों, हितग्राहियों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा जनपद पंचायत के आलाधिकारी को शिकायतों के माध्यम से पंचायतो मे होने वाले, कार्यो मे फर्जीवाड़ा किये जाने का मामला संज्ञान मे लाया तो जा रहा है लेकिन अधिकारियो से उन्हे जांच और कार्यवाही के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है

**आगे आप जानेंगे कि- पंचायत सचिव और सरपंचों को कैसै उपयंत्रीयो का संरक्षण प्राप्त है और आखिर क्यों नही की जाती , राशि गवनकारी होने पर भी कोई कार्यवाही, पंचायतो का गवन एक के बाद एक होगा आपके सामने और कौन-कौन है जो विराजमान है सालो से एक ही स्थान पर.... जल्द आपके सामने...**

## डीएसओ शर्मा को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

**म.प्र.सहकारी समिति महासंघ के तत्वाधान में आयोजित किया भव्य कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

खाद्य आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग में जिला आपूर्ति अधिकारी (डी. एस.ओ) के पद पर पदस्थ श्री शैलेष कुमार शर्मा 62 वर्ष की अपनी अधिवर्षीकी आयु पूर्ण कर 30 जून 2024 को सेवानिवृत्त हो गए। डी.एस.ओ श्री शर्मा को मध्यप्रदेश सहकारी समिति महासंघ जिला इकाई सिवनी द्वारा जबलपुर रोड स्थित कृष्णा लॉन में कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में महासंघ के पदाधिकारियों सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ तथा शाल-श्रीफल उपहार स्वरूप भेंट कर सम्मानित करते हुए उनके स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की गई। महासंघ के पदाधिकारी जोगेश ठाकुर द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया।

## बरसात के मौसम में नदी नालों के समीप ना जाएं, सुरक्षा का ध्यान रखें

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बरसात के मौसम में भारी वर्षा के कारण जल भराव एवं बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है। नदी-नालों में जल स्तर बढ़ जाता है जिससे जान माल का खतरा हो सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय सिवनी की पैरालीगल वालंटियर श्रीमती राजेश्वरी सिंह ने सभी से आग्रह किया है कि बरसात के इस मौसम में नदी-नालों के समीप न जाएं और ना ही अपने परिवार को साथ ले जाएं।भूस्खलन वाले क्षेत्र,खतरनाक सड़कों,विद्युत लाइन और सूखे पेड़ों के पास भी ना जाए ताकि किसी प्रकार का नुकसान ना हो। श्रीमती राजेश्वरी सिंह ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि बरसात के मौसम में जिले में होने वाली भारी वर्षा को देखते हुए नदी नालों के समीप जाने से बचे तथा पहाड़ी क्षेत्रों में भी ना जाएं। हो सके तो अपने घरों में सुरक्षित रहे और किसी भी प्रकार का जोखिम न उठाएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय शिवनी की पैरालीगल वालंटियर श्रीमती राजेश्वरी सिंह ने प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए सभी विभागों से निवेदन किया है की वे आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें ताकि आपदा के समय किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। मानसून में होने वाले नुकसान से निपटने के लिए पर्याप्त प्रबंध तथा निरंतर सजग रहे। जल भंडार टैंको और अन्य पेयजल स्रोतों को साफ रखने की सुचारू व्यवस्था हो ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। पेयजल स्रोतों का नियमित क्लोरिनेशन हो। जिले में डेंगू और मलेरिया इत्यादि रोगों से बचने के लिए फागिंग स्प्रे आवश्यक है।

### जिले में 168.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई

भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून 24 से 01जुलाई 24 तक 168.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 56.8 मि.मी, कुरई में 92.0 मि.मी., बरघाट में 248.6 मि.मी., केवलारी में 312.0 मि.मी., छपारा 75.1 मि.मी, लखनादौन में 99.2 मिमी, धनौरा में 100.0 मिमी एवं घंसौर में 197.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 1348.7 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 01 जुलाई को 23 को कुल 2017.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

## औषधि निरीक्षकों को कार्यवाही हेतु अधिसूचित किया जाए: दिनेश राय मुनमुन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ड्रग प्राइस कंट्रोल आर्डर (डीपीसीओ) के अंतर्गत औषधी निरीक्षकों को भी कार्यवाही के लिए अधिसूचित किये जाए। ताकि औषधियों के मूल्य नियंत्रण के लिए कार्यवाही सुनिश्चित कर जिला व प्रदेश की जनता को औषधियों के अनुचित अधिक मूल्यों से बचाया जा सके। उक्ताशय की मांग सिवनी विधानसभा के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा की गयी है। जारी मध्यप्रदेश की षोडश (16 वीं) विधानसभा के तृतीय सत्र के दौरान शून्यकाल के माध्यम से आज विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य मे दवाई के मूल्य नियंत्रण हेतु जारी आदेश ड्रग प्राइस कंट्रोल आर्डर का क्रियान्वयन सही रूप से नही हो पा रहा है। ड्रग्स प्राइस कंट्रोल आर्डर के अंतर्गत तलाशी एवं जप्ती की कार्यवाही के लिए राज्यपत्रित अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। मध्यप्रदेश मे औषधियों के मूल्यों के प्रभावी नियंत्रण के लिए ड्रग प्राइस कंट्रोल आर्डर (डीपीसीओ) के अंतर्गत अधिकृत अधिकारियों द्वारा प्रभावी कार्यवाही नही किये जाने से औषधियों के मूल्यों मे प्रभावी नियंत्रण नहीं हो रहा है। ड्रग्स कंपनियां अपनी मनमर्जी से आमजन को औषधियों का मूल्य निर्धारित कर विक्रय कर रही है। आगे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने कहा कि ड्रग प्राइस कंट्रोल आर्डर (डीपीसीओ) के अंतर्गत औषधी निरीक्षकों को भी कार्यवाही के लिए अधिसूचित किया जाए। ताकि जिला स्तर पर निरीक्षकों द्वारा भी औषधियों के मूल्य नियंत्रण के लिए कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकें।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 155 आवेदन

## कलेक्टर ने शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई मंगलवार 02 जुलाई को कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। आयोजित हुई जनसुनवाई में घंसौर निवासी श्रीमति शशिकला कुमरे द्वारा पेंशन का दिलाए जाने विषयक, महामाया वार्ड निवासी रामभरोस सिंह द्वारा आबादी भूमि का वर्तमान कम्प्यूटरीकृत खसरा दिलाये जाने विषयक, बारापत्थर निवासी मनील कुमार नरेती द्वारा बच्ची का स्कूल में दाखिला कराने विषयक, ग्राम थांवरी बंडोल निवासी राहुल उइके द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने विषयक, ग्राम पोतलई तहसील कुरई निवासी धरमदास चौधरी द्वारा जमीन पर दबंग लोगों द्वारा कब्जा व परेशान किये जाने विषयक, ग्राम कहानी निवासी श्यामाबाई बरकडे द्वारा फौती नामातंरण कराये जाने विषयक, ग्राम टिकारी निवासी महेश चौरसिया द्वारा मजदूरी राशि न देकर धोखाधडी किये जाने विषयक, ग्राम रनबेली निवासी प्रेमचंद सनोडिया द्वारा खरीफ फसल की मुआवजा राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम जेवनारा निवासी श्रीमती शारदा बरकडे द्वारा कृषि भूमि का बटवारा कराये जाने विषयक, तहसील छपारा वार्ड क्रमांक 13 निवासी विजय दुबे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम बादलपार निवासी तीजबती बाई राठोर द्वारा विद्युत कनेक्शन दिलाए जाने विषयक, महामाया वार्ड सिवनी निवासी रामस्वरूप रजक द्वारा कृषि पम्प के भुगतान कराये जाने विषयक, ग्राम खुर्सीपार निवासी कैलाश तिलगर द्वारा रोड निर्माण एवं अतिक्रमण की कार्यवाही किये जाने विषयक, ग्राम बांकी निवासी उर्मिला बाई द्वारा खेत में आने जाने का रास्ता खुलवाने विषयक, ग्राम बींझावाडा निवासी राजेन्द्र कुशवाहा द्वारा बीपीएल राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, अकबर वार्ड सिवनी निवासी नरेंद्र शुक्ला द्वारा कृषि भूमि का सीमांकन पर आपत्ति विषयक, ग्राम खुर्सीपार निवासी सदाशिव तलगर द्वारा रोड निर्माण कराये जाने विषयक, ग्राम गनेशगंज निवासी सुनील अहिरवार द्वारा पटटा प्रदान किये जाने विषयक, बारापत्थर निवासी अखिलेश कुमार मालवीय द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने विषयक, ग्राम पिपरिया केवलारी निवासी मधुश्याम तिलेश्वर द्वारा सूचना के अधिकार के तहत दस्तावेज की छायाप्रति न दिये जाने विषयक, राघादेही डूंडासिवनी निवासी निराश्रित पेंशन दिलाये जाने विषयक, ग्राम राघादेही निवासी दद्दुआ सतनामी द्वारा निराश्रित पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम पीपरडाही निवासी दुर्गा लांझेवार द्वारा जननी सुरक्षा की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम भोंगाखेडा निवासी तुलसीराम बघेल द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने विषयक, ग्राम चुना भट्टी पलारी निवासी श्यामकिशोर गुर्दकर द्वारा बीपीएल कार्ड की खाद्यान्न पर्ची बनाये जाने विषयक, लखनादौन निवासी विमला बाई द्वारा पटटा प्रदाय किये जाने विषयक, ग्राम टिकारी बरघाट निवासी मंजू चक्रवर्ती द्वारा लाडली बहना योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, केवलारी निवासी शेख मुबारिक द्वारा धान फसल विक्रय मूल्य राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम सुनवारा तहसील धनौरा निवासी दीपक झारिया द्वारा मकान निर्माण में आपत्ति हटाये जाने विषयक, ज्यारत नाका निवासी लक्ष्मी भारती व अन्य द्वारा आवासीय भूखंड पर पटटा प्रदाय करने विषयक, ग्राम कुकलाह निवासी कमल प्रसाद विश्वकर्मा द्वारा वृद्धावस्था पेंशन विगत दो माह की दिलाये जाने विषयक सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण संबंधी कुल 155 आवेदन जनसुनवाई में प्राप्त हुए। जिनके नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।



## नए अपराध कानून क्रियान्वयन उत्सव जागरूकता कार्यक्रम थाना लखनादौन में आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनादौन।

1 जुलाई 2024 को भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू होने जा रहा है इस नए कानून को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान के तहत सभी थानों में जागरूकता कार्यक्रम रखा गया उसी कड़ी में आज थाना लखनादौन के प्रांगण में सुबह 12:30 बजे तहसीलदार लखनादौन व जनप्रतिनिधियों के साथ मीडिया कर्मियों एवं आम जनमानस की मौजूदगी में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ नए कानून क्रियान्वयन की जानकारी एसडीओपी थाना प्रभारी ने कार्यक्रम में दी और कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने नए कानून पर प्रकाश डाला और लोगों को इस कानून के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी कार्यक्रम के उपरांत थाना परिसर में आए हुए जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप जज लखनादौन थाना प्रभारी थाना क्षेत्र के सभी ग्रामों के सरपंच, लखनादौन थाना के पुलिस स्टाफ एवं सभी कोटवार के साथ-साथ भारी संख्या में जनमानस की मौजूदगी रही।



## 23 स्कूलों को नोटिस जारी किया जायेगा

# चार स्कूलों पर 2-2 लाख रुपये का जुर्माना किया गया

# 3 स्कूलों की जांच 3 सदस्यों की समिति करेंगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार देर शाम को फीस वृद्धि करने वाले स्कूलों के साथ बैठक की। बैठक में स्कूलवार जिला शिक्षा कार्यालय और ऑनलाईन प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के आधार पर जानकारी ली गई। स्कूलों द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी के अनुसार स्कूलों से फीस स्ट्रक्चर, ड्रेसकोड, शूज और पुस्तकों के प्रकाशन और प्राप्ति स्थलों आदि के संबंध में विस्तार से पुछा गया। बैठक के पश्चात कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आयडियल पब्लिक स्कूल वारासिवनी, सेंटमेरी स्कूल बालाघाट, दिल्ली किड्स पब्लिक स्कूल और किड्स क्लाउड स्कूल पर 2-2 लाख रुपये का जुर्माना किया गया है। इसके अलावा तीन स्कूलों में हट्टा के विक्रम हायर सेंकेंडरी स्कूल, दिल्ली किड्स पब्लिक स्कूल और किड्स क्लाउड स्कूल की जांच एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यों द्वारा की जायेगी। यह जांच बुधवार से ही प्रारंभ होगी तथा शनिवार तक इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। जांच के बिंदु फीस स्ट्रक्चर के अलावा मान्यता प्राप्ति के आधार और जिम्मेदार अधिकारियों के संबंध में भी छानबीन करने के निर्देश दिये गये है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय, डीपीसी डॉ. महेश शर्मा और दोनो विभागों का अमला उपस्थित रहा।



**10 प्रतिशत से अधिक फीस ली है तो अभिभावक आपत्ति ले सकेंगे :** कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बैठक के दौरान उन स्कूलो को चेतावनी देते हुये कहा कि यदि स्कूल प्रबंधन द्वारा ऑनलाईन व शिक्षा कार्यालय में बढ़ाई गई फीस स्ट्रक्चर की प्रस्तुत की गई जानकारी से ज्यादा फीस वसुली गयी है तो अभिभावकों को फीस वापस करेंगे। इसके अलावा अगर अभिभावक और स्कूल प्रबंधन राजी है तो फीस एड्जेस्ट की जायेगी। ज्यादा फीस वसुली के मामले में अभिभावक ई-गवर्नेंस के विवेक मेश्राम के न. 7828665102 और शिक्षा विभाग के सहायक संचालक श्री सीएस मरावी के न.9407051904 पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। फीस वृद्धि करने वाले स्कूलों की सूची जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा पृथक से जारी की जायेगी।

**राज्य शासन के निर्देशों के पालन में 23 स्कूलों ने जानकारी प्रस्तुत नही की:** कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने 23 स्कूलों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। जिन्होंने आज दिनांक तक राज्य शासन के निर्देशों के परिपालन में जानकारी प्रस्तुत नही की है। इन स्कूलों से 2-2 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के संबंध में स्पष्टीकरण लिया जायेगा। जानकारी प्रस्तुत नही करने वाले स्कूलों में डीपीएस हायर सेकेंडरी स्कूल खुरसोड़ी, ओजस ग्लोबल स्कूल देवटोला, चित्रगुप्त हायर सेकेंडरी स्कूल बालाघाट, मेथोडिस्ट मिशन स्कूल बालाघाट, ज्ञानदीप हायर सेकेंडरी स्कूल, रोजवेली इंग्लिस स्कूल कोसमी, बाल विकास शिशु मंदिर कटंगी, गोल्डन ट्यूलिप इंटरनेशनल स्कूल कटंगी, शिवम हायर सेकेंडरी स्कूल कटंगी, कोबरा मोंटेशरी स्कूल बड़गांव, बिसेन इंग्लिस मीडियम स्कूल उकवा, गुरुकुल हाईस्कुल परसवाड़ा, रविंद्रनाथ टैगोर उकवा, ब्राईट फ्युचर इंग्लिस स्कूल बिरसा, एजुकेटर्स इंग्लिस स्कूल भीमजोरी बिरसा, मेथोडिस्ट मिशन स्कूल बैहर, मिशन को-एजुकेशन मिडिल स्कूल बैहर, सेंट्रल इंडिया एकेडमी लांजी, ग्रीनवेली पब्लिक स्कूल गर्रा, वैदिक कांवेंट हायर सेकेंडरी स्कूल लालबर्रा, एजुकेयर पब्लिक स्कूल लालबर्रा, गंगा हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरमाली और रिडल्स हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरमाली वारासिवनी स्कूल को नोटिस जारी किया जायेगा।

# भाजयुमो ने जलाया कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला



## भाजयुमो अध्यक्ष बोले-लोकसभा में हिंदुओं पर नेता प्रतिपक्ष का बयान शर्मनाक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लोकसभा सत्र के दौरान सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हिन्दू विषय पर दिए गए बयान का भाजपा और भाजयुमो विरोध जता रही है। केन्द्रीय और प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर बालाघाट जिला मुख्यालय में भाजयुमो ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

इस दौरान भाजयुमो अध्यक्ष भूपेन्द्र सोहागपुरे ने कहा कि यह दुख और शर्म का विषय है, कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, हिन्दू समाज को हिंसा का समर्थक बताते है, जो हिंदुओं पर करारा तमाचा है।

अध्यक्ष सोहागपुरे ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हिन्दू विरोधी सोच, भगवान श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के दौरान भी दिखाई दी थी। हम भगवान श्रीराम से प्रार्थना करते है कि, हिन्दू समाज के विरोधी कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सद्बुद्धि दे।

# नर्सिंग छात्रा की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

## भागने से युवती ने मना किया तो आरोपी ने ब्लेड से गला काटकर कर दी हत्या



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के बैहर थाना क्षेत्र के शेरपार में बीते 27 जून की रात लगभग 10.30 बजे हुई बीएससी नर्सिंग छात्रा 18 वर्षीय संध्या की हत्या मामले में पुलिस ने लालबर्रा क्षेत्र के कंजई निवासी 21 वर्षीय अभय पिता गिरीश मर्सकोले को गिरफ्तार किया है।

एडीएसपी केएल बंजारे ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी अभय से युवती का परिचय था। वह उसे प्रेम करता था, लेकिन युवती संध्या पर किसी अन्य से बात करने पर शक करता था। 27 जून को अभय को पता चला कि संध्या, अपने पिता के घर शेरपार गई है, तब वह भी वहां पहुंचा था।

रात्रि में संध्या खाना खाने के बाद घर के बाहर थी। इस दौरान ही आरोपी अभय ने उसे साथ भाग जाने की बात कही। लेकिन संध्या ने जाने से मना कर दिया। इससे नाराज अभय ने उसका सिर पकड़कर ब्लेड से गला रेत दिया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

गला रेतकर युवती की सनसनीखेज अंधे हत्याकांड में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया था। जिसमें जांच और पूछताछ में घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी अभय मर्सकोले को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। आरोपी के अपराध की स्वीरोक्ति के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भिजवा दिया है।

आरोपी को गिरफ्तार करने में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में बैहर थाना प्रभारी उनि रामकुमार रघुवंशी, उनि दीपिका सिंगौर, सउनि अयूब खान, कैलाश पटेल, प्रआर. संतराम परते, कुंवरसिंह धुर्वे, आरक्षक नितेश राठौर, हरजिंदरसिंह, हेमंत राठौर, विनयसिंह तोमर, अरविंद सैयाम की भूमिका रही।

# गोवारी समाज को एसटी का जाति प्रमाण पत्र देने की मांग

## आदिवासी गोवारी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में की विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




लंबे समय से गोवारी समाज को अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण देने और ओबीसी की सूची से गोवारी जाति को विलोपित करने की मांग की जा रही है। जिस मांग को लेकर जिले से भोपाल पहुंचकर, आदिवासी गोवारी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने 02 जुलाई को विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से मुलाकात की। इस दौरान परसवाड़ा विधायक मधु भगत, आदिवासी गोवारी समाज प्रदेश अध्यक्ष महेश सहारे, जिलाध्यक्ष कन्हैया राऊत और सचिव परमानंद नागोसे मौजूद थे।

आदिवासी गोवारी समाज प्रदेशाध्यक्ष महेश सहारे ने बताया कि कई सालों से जिले का आदिवासी गोवारी समाज, अपने संवैधानिक अधिकार के लिए लड़ रहा है, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार जातियों की सूची में दर्ज गोवारी समाज को अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र दिया जाए और ओबीसी में दर्ज जाति को विलोपित किया जाए। चूंकि पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी सरकार को अनुशंसा किया है कि रहन-सहन और संस्कृति, परंपरा को देखते हुए गोवारी जाति को ओबीसी की सूची से विलोपित किया जाए। बावजूद इसके आज भी गोवारी जाति को उसका संवैधानिक अधिकार नहीं मिल सका है। जिसको लेकर जिले के परसवाड़ा विधानसभा विधायक मधु भगत के साथ हमने आज विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से मुलाकात की। हमें उम्मीद है कि दोनो ही नेता, प्रदेश के गोवारी समाज की व्यथा को समझेंगे और सकारात्मक निर्णय लेंगे।



## डॉक्टर डे पर किया वृक्षारोपण

**किरनापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में डॉक्टर डे के उपलक्ष पर वृक्षारोपण किया गया। जिसमें उपस्थित खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अखिलेश मराठे ,बी मेडम चंद्र प्रभा मेडम,बीपीएम विजयानंद मेश्राम, बीएएम भुवनलाल लिल्लारे, बीसीएम नितिन मेंढे कर, फार्मासिस्ट डुलेश्वरी पारधी, डीईओ अक्षय बोरकर ,प्रमोद सोनी, राजकुमार, होमेन्द्र क्षीरसागर ,एवं समस्त सीएचओ आशा सुपर वाइजर उपस्थित रहे।

# जेएसके बैंक के अधिकारी कर्मचारी करेंगे पौधारोपण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर व बैंक प्रशासक डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ श्री आरसी पटले द्वारा मंगलवार को मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत मुख्यालय सहित 19 शाखाओं और 126 बी पैक्स समितियों के अधिकारी और कर्मचारीगण जिले में वृहद स्तर पर पौधारोपण करेंगे। श्री पटले ने मासिक बैठक में निर्देशित किया कि बी पैक्स समिति कंप्यूटर ऑनलाइन गतिविधि को लेकर सॉफ्टवेयर के अनुसार कार्य करेंगे तथा आनलाइन कार्य के अलावा मैनुअल कार्य भी होगा। प्रतिदिन समितियों में रिपोर्ट्स आएगी जिसे चेक करेंगे। उन्होंने बताया कि माइक्रो एटीएम का ग्रीन पिन आ गया है जिसे निरंतरता प्रदान करना होगा। इसके अलावा मध्यम कालीन ऋण को लेकर प्रति समिति हर माह एक प्रकरण नियमानुसार तैयार कर बैंक मुख्यालय को प्रेषित करना होगा। साथ ही वार्षिक आधार पर अमानत संग्रहण, ऋण वितरण, वसूली, एनपीए प्रबंधन हेतु उत्कृष्ट कार्य करने पैक्स समिति को वार्षिक साधारण सभा में सम्मानित करने हेतु पुरस्कार दिया जाएगा। इस दौरान राजेश नगपुरे फील्ड अधिकारी, रौनक चौकसे, शाखा प्रबंधक आशीष मिश्रा, दीपक देशमुख, ऋषि बिसेन, राजेश दुबे, मनोहर यादव सहित मुख्य शाखा, लामता, लालबर्रा, खमरिया से सुपरवाइजर, संस्था प्रबंधक उपस्थित रहे।



# खुलेआम चल रहा सट्टे का अवैध कारोबार, वारासिवनी पुलिस बनी अनजान


## बसंत ऋतु में जमकर फल फूल रहा सट्टे का अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर में इन दिनों सट्टे का अवैध कारोबार जोर-शोर से चल रहा हैं। एक रुपया का अस्सी रुपया बनाने के चक्कर में खासकर युवा वर्ग अधिक बर्बाद हो रहे हैं। सट्टे के इस खेल को बढ़ावा देने सटोरिये ग्राहक को मुफ्त में स्कीम देखने सट्टे का नंबर वाले चार्ट दे रहे हैं। इसका गुणा भाग कर ग्राहक सट्टे की चपेट में बुरी तरह फॅसकर पैसा इस अवैध कारोबार में गवॉ रहे हैं। खाईवालों के चक्कर में लोग इस तरह फॅस चुके हैं कि ये कर्ज लेकर सट्टा खेल रहे है और उससे उबर नहीं पा रहे हैं। अगर इन सटोरियों के पास सट्टा खेलने के लिए पैसे नहीं रहते हैं, तो अपने पत्नी से लड़ झगड़ कर, मारपीट कर उनसे पैसे छीन कर सट्टे में हार जाते है और इन खाईवालों की बल्ले-बल्ले हो जाती है

### पुलिस की मिली भगत से सट्टे का अवैध कारोबार चलने की आशंका

ऐसा नहीं है कि इन सटोरियों की जानकारी पुलिस के पास नहीं हैं, लेकिन पुलिस द्वारा कभी कभार ही इन सटोरियों पर छुटपुट कार्यवाही की जाती हैं। वह भी छोटे-मोटे सट्टा पट्टी लिखने वाले बेरोजगार नौजवानों पर। इन नौजवानों की आड़ में जो सट्टा पट्टी खाने का कार्य कर रहे हैं, उन खाईवालों पर पुलिस हाथ डालने से भी कतराती हैं। जनचर्चा हैं कि इन बड़े सटोरियों पर हाथ नहीं डालने के एवज में कुछ पुलिसकर्मियों को हरे-पीले गॉधी जी दिए जाते हैं। वारासिवनी के खाई वालों ने नगर के विभिन्न चौक-चौराहे पर अपने गुर्गो को बैठा दिया हैं। ये खाईवाल बसंत ऋतु में खूब फल फूल रहे हैं। अब देखना होगा की नए थाना प्रभारी बी वी टांडिया इन खाईवालों और उनके गुर्गो पर क्या कार्यवाही करते है या वे ही इस खाईवालों के सामने नतमस्तक हो जाते है




### खाईवाल हुए मस्त, तो वारासिवनी पुलिस हुई पस्त

शहर में खुलेआम चला रहे सट्टे के अवैध कारोबार के संचालकों की पुलिस से इतनी तगड़ी जुगलबंदी है कि ये खाईवाल पुलिस अधिकारियों को दिखावा के लिए महीने में अपने गुर्गो से एक-दो केस बनवा देते है और ऊपर पुलिस अफसरों को लगता हैं कि थाने की पुलिस कार्यवाही कर रही हैं? सवाल यह हैं कि जब पुलिस सटोरियों के गुर्गो पर हर महीने कार्यवाही करती हैं, तो फिर उनसे पूछताछ कर खाईवालों तक क्यों नहीं पहुंच पाती हैं? नगर के ऐसे लगभग 4-5 खाईवाल हैं, जिन्होंने नगर में अपना जाल बिछा रखा हुआ हैं।

### इन जगहों में चल रहा सट्टे का अवैध कारोबार

वारासिवनी नगर के कॉलेज चौक, एफसीआई गोदाम के सामने, दीनदयाल चौक, बस स्टेण्ड, नेहरु चौक, सब्जी बाजार, गाँधी चौक, गोलीबारी चौक सहित सहित गली मोहल्लो में ये सटोरिये पुलिस के बिना डर से खुलेआम सट्टे खिला रहे है और पुलिस मूक दर्शक बनी हुई हैं।

# लालबर्रा गार्डन में बड़े फव्वारे का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

नगर व तहसील मुख्यालय की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा में जनता की मांग पर लालबर्रा गार्डन में जिले का सबसे बड़ा 25 फिट ऊँचा फव्वारा का शुभारंभ किया गया है। जिससे आम जन अब अपने परिवार सहित इसका लुफ़्त व आनंद उठा सकेंगे, सर्व प्रथम उपस्थित गणमान्य नागरिकों के द्वारा पूजा अर्चना करते हुए फीता काटकर व बटन दबाकर जिले के सबसे ऊंचे व बड़े 25 फिट के फव्वारे का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर पंचायत इंस्पेक्टर सोनेकर, जनपद पंचायत सदस्य दीपक कावरे, कांग्रेस नेता मनोहर अग्रवाल, पूर्व जनपद सदस्य शैलेष केकती, नितिन सांखला, भूपेंद्र अप्पू कुम्हरे, अशोक जैन, सुमित स्वामी, नईम खान, रितिक कटारे, सहायक सचिव कृष्णा पंचेश्वर, तपेश पंजरे, मतीन खान अमित अग्रवाल, जावेद खान, सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे उक्ताशय की जानकारी ग्राम पंचायत के युवा सरपंच अनीस खान के द्वारा दी गई है।



## ग्राम पंचायत हिर्री में किया गया वृक्षारोपण स्थानीय जनप्रतिनिधी रहे उपस्थित

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** पर्यावरण को बढ़ाबा देने के लिए सोमवार को जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हिर्री में व्रक्षारोपण किया गया। दरअसल उक्त व्रक्षारोपण मध्यप्रदेश खनिज विभाग के निर्देश एंव जिला खनिज विभाग बालाघाट के आदेशानुसार जिले के समस्त क्रेशर खदानों के संचालको को सैकड़ो फलदार एंव छायादार पेड़ लगाने के लिए आदेशित किया गया था। जिसके लिए खनिज विभाग बालाघाट द्वारा कुछ ग्राम पंचायतों का चयन किया गया था जहाँ वृक्षारोपण किया जाना सुनिश्चित किया गया। उसी कड़ी में सोमवार को सेम स्टोन क्रेशर के संचालक सम्राट सिंह सरसवार एंव आदिल खान सहित रमेश पांचे एंव लक्ष्मण कुर्राहे द्वारा ग्राम पंचायत हिर्री ,मटकाटोला सहित अन्य ग्रामो में व्रक्षारोपण किया गया।



## गड्ढा बन रहा आम राहगीरो के लिए मुसीबत

# लालबर्रा से अमोली तक मार्ग जर्जर, लगा गड्ढों का अंबार

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा से लेकर अमोली तक मार्ग की बद से बदतर हालात पर कोई भी जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार विभाग सुद तक नहीं ले रहा। कई महीनो से शर्मा मिष्ठान भंडार के पास का गड्ढा जस का तस दिखाई दे रहा है परंतु गड्ढे की मरम्मत करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। इसे आम राहगीरों का दुर्भाग्य और प्रशासन की उदासीनता और लापरवाही ही कहा जा सकता है, न जाने उक्त मार्ग से रोजाना कितने विद्यार्थी गरीब मजदूर किसान व वाहन अपने गंतव्य के लिए गुजरते हैं। मार्ग की कुछ दूरी को नवनिर्माण के लिए छोड़ दिया गया था , नवनिर्माण ना होने से मार्ग अमोली तक जर्जर दिखाई दे रहा है मार्ग के आरंभ होते ही गड्ढो की भरमार देखी जा रही है। कई महीने और साल से उक्त मार्ग की मरम्मत भी नहीं कराई गई जिससे राहगीरों को आवागमन में मुसीबत का सामना करना पड़ता है अनहोनी का अंदेशा बना रहता है जल्द ही मार्ग की मरम्मत हो और शर्मा मिष्ठान भंडार के पास उभरा बड़ा गड्ढा जल्दी मरम्मत कराया जाए कुछ दिनों पूर्व हरिभूमि समाचार पत्र जबलपुर द्वारा लालबर्रा से अमोली तक मार्ग की बद से बदतर हालत से जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार विभाग को समाचार का प्रकाशन कर मार्ग की वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया बावजूद नतीजा शून्य मार्ग पर अवस्थाओं का आलम बरकरार है, गड्ढा जैसे का वैसा ही दिखाई दे रहा है। यह है मध्य प्रदेश सरकार का विकास..? आखिर कब होगी मार्ग और गड्ढे की मरम्मत ।


हरिभूमि
सतपुड़ा भूमि
प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का उदासीन रवैया, जिम्मेदार नहीं ले रहे गड्ढे की सुद
लालबर्रा से अमोली मार्ग पर अव्यवस्थाओं का आलम बरकरार

## अस्पताल में एंटी स्नेक, रेबीज पर्याप्त मात्रा में रखा जाए : अनीस खान

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** ब्लाक मुख्यालय की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत के युवा सरपंच अनीस खान ने ब्लाक मेडिकल आफिसर को पत्र लिखकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा व ब्लाक के सभी उपस्वास्थ्य केंद्रों में भी एंटी स्नैक दवाई व एंटी रैबीज पर्याप्त मात्रा में रखने हेतु पत्र लिखा है। ज्ञात हो कि वर्तमान समय में बरसात प्रारंभ हो चुकी है जिससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जहरीले जीव जंतु साँप इत्यादि बड़ी मात्रा में निकलते हैं ऐसे ही बरसात में ज्यादातर कुत्ते के पागल होकर बच्चो व बड़ो को काटने की घटनाएं भी खूब सामने आती है। लालबर्रा सरपंच अनीस खान ने बताया कि उनके द्वारा लालबर्रा अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में जहरीले जीव जंतु व कुत्ते काटने जैसे इत्यादि से बचने के लिए दवाई पर्याप्त मात्रा में रखने के लिए बात की गई है जिससे कि आम जनता को दवाइयों के लिए कहि भटकना ना पडे और उनका उपचार लालबर्रा अस्पताल में ही हो सके।


कार्यालय ग्राम पंचायत पांढरवानी – लालबर्रा
जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला - बालाघाट (म.प्र.)

## कृषि स्थायी समिति की बैठक 4 को

**बालाघाट।** कृषि स्थायी समिति की बैठक 4 जुलाई को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी।

